अंशुल कुमार, भा०प्र०से०,
जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता
पूर्णिया(बिहार)

बिहार सरकार

ANSHUL KUMAR, I.A.S
District Magistrate & Collector
Purnea, Bihar(India)

दूरभाष 06454–242501 / 242503 / 242522 फैक्स 06454–242599 / 242505 ई०मेल dmpurnia.bih@nic.in/dm.conf.pur@gmail.com

पत्रांक 1894 /जि०प०,दिनांक- 31-10-25

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

विषय :- उप प्रमुख, पंचायत समिति, बनमनखी के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप इन पद पर निर्वाचन कराने की तिथि परिवर्त्तित करने के संबंध में।

प्रसंगः- राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना के पत्रांक-4085/दिनांक-21.10.25

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा उप प्रमुख, पंचायत समिति, बनमनखी के रिक्त पद पर दिनांक-07.11.2025 को निर्वाचन सम्पन्न कराने का निदेश प्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 का कार्य प्रगति पर है। उप प्रमुख, बनमनखी के निर्वाचन हेतु प्राधिकृत निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के निमित्त ई०वी०एम० कमिशनिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है फलस्वरूप उप प्रमुख, पंचायत समिति, बनमनखी के रिक्त पद पर दिनांक-07.11.2025 को निर्वाचन सम्पन्न कराने में कठिनाई महसूस हो रही है।

अतः अनुरोध है कि उप प्रमुख, पंचायत समिति, बनमनखी के रिक्त पद पर निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु निर्धारित तिथि दिनांक-07.11.25 को स्थगित करते हुए, बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सम्पन्न होने के पश्चात् की तिथि निर्धारित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी,
पूर्णियाँ।
31.10.25